E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (7) अपील–01/2025........................

## आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश ज्ञापांक 13934 दिनांक 01.10.2024 के विरुद्ध अपीलार्थी श्री शिवजी राम (Emp. ID No.- AEN09573), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया द्वारा "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8 (4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर अपील की सुनवाई की गयी।

अपीलार्थी उपस्थित।

अपीलार्थी का वाद संक्षिप्त रूप में निम्नवत है :–

बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया के पत्रांक–440 दिनांक–11.09.2024 द्वारा श्री शिवजी राम, विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध सोशल मीडिया पर वायरल/प्रसारित समाचार में विशेष सर्वेक्षण कार्य में किसान/रैयत से 500 रूपये रिश्वत प्राप्त करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए बन्दोबस्त कार्यालय, गया के पत्रांक–425 दिनांक–07.09.2024 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। अपीलार्थी के स्पष्टीकरण को बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया द्वारा असंतोषप्रद मानते हुए इन पर नियमानुसार कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 13801 दिनांक 18.09.2024 द्वारा श्री राम से स्पष्टीकरण की माँग की गयी। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है स्थानीय यू–ट्यूबर द्वारा एक साजिश के तहत ग्रामीण श्री विजय शंकर ठाकुर से इनके जेब में जबरदस्ती 500 का नोट डलवाया, जिसे इनके द्वारा तुरन्त श्री ठाकुर को वापस कर दिया गया। साथ ही उल्लेख किया गया है कि यू–ट्यूबर द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से इन्हें मानसिक परेशान किया जाता है। इनके द्वारा अपने उपर लगाए गए आरोपों को निराधार एवं असत्य बताया गया है।

स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त श्री राम को दोषी मानते हुए निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा इनका संविदा नियोजन समाप्त किया गया है।

अपीलार्थी का कहना है कि स्थानीय यू–ट्यूबर द्वारा साजिश रचा गया हैं, जिसमें ग्रामीण श्री ठाकुर से जबरदस्ती उनके जेब में 500 रूपये का नोट डलवाया, जो अभिलेख में रक्षित शिकायतकर्त्ता श्री ठाकुर के स्वघोषणा से भी स्पष्ट होता है। श्री ठाकुर द्वारा दिये गये उक्त स्वघोषणा में उल्लेख किया गया है कि अमीन श्री शिवजी राम ग्राम–डाढ़ा, पंचायत निमी, प्रखंड–फतेहपुर में जमीन संबंधी कार्य के लिए आए तो मेरे द्वारा उन्हें अपने घर में बुलाकर फॉर्म जमा किया गया एवं जबरन उनके पैकेट में 500 रूपया डाल दिया। अपीलार्थी द्वारा बार–बार मना किये जाने के बावजूद शिकायतकर्ता द्वारा आशीर्वाद के रूप में पैसा देने की बात कही गयी।

स्वघोषणा में यह भी उल्लेखित है कि अपीलार्थी के विरूद्ध भू–सर्वेक्षण कार्य में किसी भी ग्रामवासी द्वारा धांधली या पैसा का डिमांड नहीं किया गया है। अपीलार्थी द्वारा अपना कार्य निष्ठापूर्वक एवं निःस्वार्थ भाव से करने की बात कही गयी है।

अपीलार्थी के कथन, शिकायतकर्ता की घोषणा एवं विडियो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि यू–ट्यूबर द्वारा साजिश के तहत, प्री–प्लान कर विडियो बनाया गया है, क्योंकि जो 500 रूपया का नोट अपीलार्थी के जेब से निकाला गया, उसका क्र0सं0 यू–ट्यूबर को पहले से पता था, जबकि यह नोट ग्रामीण श्री ठाकुर द्वारा दिया गया था। शिकायतकर्त्ता के स्वघोषणा से भी स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी द्वारा पैसा का डिमांड कभी भी किसी भी ग्रामवासी से नहीं किया गया है।

अतः उक्त विवेचना के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा निर्गत आदेश संख्या–13934 दिनांक–01.10.2024 को निरस्त करते हुए अपीलार्थी के अनुपस्थित अवधि को No Work No Pay मानते हुए संविदा सेवा में पुर्ननियोजित किया जाता है।

ह0/–
**अपर मुख्य सचिव–सह–**
**अपीलीय प्राधिकार**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**E-Mail**

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–01/2025 3628 **पटना, दिनांक** :– 17/06/2025

**प्रतिलिपिः**– श्री शिवजी राम (Emp. ID No.- AEN09573), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया ईमेल– shivji06041994@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

16/6/25
**सरकार के अवर सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–01/2025 3628 **पटना, दिनांक** :– 17/06/2025

**प्रतिलिपिः**– बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), गया को सूचनार्थ प्रेषित।

16/6/25
**सरकार के अवर सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–01/2025 3628 **पटना, दिनांक** :– 17/06/2025

**प्रतिलिपिः**– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/6/25
**सरकार के अवर सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–01/2025 3628 **पटना, दिनांक** :– 17/06/2025

**प्रतिलिपिः**– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

16/6/25
**सरकार के अवर सचिव**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–01 / 2025.......3628.......पटना, दिनांक :–17/06/2025

**प्रतिलिपिः–** अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

16/6/25

सरकार के अवर सचिव

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–01 / 2025.......3628.......पटना, दिनांक :–17/06/2025

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/6/25

सरकार के अवर सचिव

भू–अभिलेख एवं परिमाप